बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

<u>अत्यावश्यक सूचना</u>

दिनांक 10.11.2012 को समाचार पत्रों एवं आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित "अत्यावश्यक सूचना" के माध्यम से विज्ञापन संख्या 02/2011 एवं 03/2011, सहायक अभियंता (असैनिक) के 66 उम्मीदवारों को सूचित किया गया था कि "विज्ञापन संख्या 02/2011 एव 03/2011, सहायक अभियन्ता (असैनिक) के 66 उम्मीदवारों जिन्होंने उक्त दोनों विज्ञापनों के लिए अलग अलग आवेदन जमा किया है एवं जिसके फलस्वरूप उन्हें अलग अलग प्रवेश पत्र निर्गत हैं, वे वि॰सं॰ 02/2011 के लिए निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर ही अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उक्त परीक्षा में सम्मिलित हो। उक्त परीक्षा के आधार पर परीक्षाफल तैयार करने के निमित्त उनकी गणना दोनों विज्ञापनों – वि॰सं॰ 02/2011 एवं 03/2011 के विरूद्ध की जाएगी।"

उक्त मामले पर पुनर्विचार किया गया। पुनर्विचारोपरान्त विज्ञापन संख्या 03/2011 के अधीन सहायक अभियंता (असैनिक) के पद हेतु दिनांक 01.12.2012 से 05.12.2012 तक होनेवाली परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त विज्ञापन संख्या 03/2011 से सम्बन्धित उम्मीदवारों (अनुक्रमांक 300001 से 300098 तक के अर्हित उम्मीदवारों) को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या 03/2011, सहायक अभियंता (असैनिक) के पद हेतु परीक्षा के आयोजन की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

विज्ञापन संख्या 01/2011, सहायक अभियंता (यांत्रिक), 02/2011, सहायक अभियंता (असैनिक) एवं 04/2011, सहायक अभियंता (विद्युत) के अधीन अर्हित उम्मीदवारों की परीक्षा पूर्व प्रकाशित कार्यक्रमानुसार दिनांक 01.12.2012 से 05.12.2012 तक ही निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

उपर्युक्त सूचना बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना